कार्यालय, **पुलिसउप-महानिरीक्षक, कुमाऊ परिक्षेत्र, नैनीताल** द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार किया है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरी सूचना के लिए कार्यालय,महालेखाकार(लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड़,देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कार्यालय,**पुलिस उप-महानिरीक्षक, कुमाऊ परिक्षेत्र, नैनीताल** के माह 06/2015 से 04/2017 तक के लेखा अभिलेखों की लेखापरीक्षा श्री **ए.के. श्रीवास्तव, श्री खजान सिंह,** सहायक लेखापरीक्षा अधिकारियों एवं श्री **आनन्द कुमार पाण्डेय, लेखापरीक्षक** द्वारा दिनांक 08.05.2017 से 12.05.2017 तक श्री **प्रेमचन्द**,वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में सम्पादित की गयी।

भाग-I

1- परिचयात्मक- इस इकाई की विगत लेखापरीक्षा श्री **टी0एस0 नेगी,** सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, श्री **ललित थपलियाल,** सहायक लेखापरीक्षा एवं श्री **सूर्य पाल,** लेखापरीक्षक द्वारा दिनांक.01.06.2015 से 04.06.2015 तक श्री **पुष्कर,** वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण मे सम्पादित की गयी थी।जिसमें माह 08/2006से 05/2015 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी थी।

वर्तमान लेखापरीक्षा में माह 06/2015 से 04/2017 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी।

2.(i) इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्र- नैनीताल

(ii) (अ)विगत तीन वर्षो में बजट आवटन एवं व्यय की स्थिति निम्नव्त हैः-

(रू लाख में)

	प्रारम्भिक अवशेष		स्थापना		गैर स्थापना		आधिक्य(+)	बचत(-)
	स्थापना	गैर स्थापना	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय		
2014-15	-	-	54.25	40.22	8.41	6.62	-	-
2015-16	-	-	47.18	30.23	5.93	4.86	-	-
2016-17 (4/17)	-	-	75.16	54.88	13.16	6.41	-	-

(ब)केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय विवरण निम्नवत् हैः-

वर्ष	योजना का नाम	प्रारम्भिक अवशेष	प्राप्त	व्यय आधिक्य(+)	बचत(-)
............................शून्य...............................					

(iii)इकाई को बजट आवंटन किया जाता है। गैर स्थापना व्यय को सम्मिलित न करते हुये इकाई कार्यालय,पुलिस उप-महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र, नैनीताल 'सी' श्रेणी की है।

विभाग का संगठनात्मक ढांचा निम्नवत् हैः पुलिस उप-महानिरीक्षक,

(iv)लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा विधिः लेखापरीक्षा में कार्यालय, पुलिस उप-महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र, नैनीतालकी लेन-देन लेखा परीक्षा .... को आच्छदित किया गया। यह निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यालय, उप- पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र, नैनीताल की लेखापरीखा में पाये गये निष्कर्षो पर आधारित है। माह 03/2016 एवं 02/2017 को विस्तृत जांच हेतु चयनित किया गया।

(v) लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 के अधीन बनाये गये भारत के नियन्त्रक महालेखापरीक्षक के(कर्तव्य, शक्तियां तथा सेवा शर्ते) अधिनियम,1971(डी.पी.सी. एक्ट, 1971) की धारा 13 एवं 16 लेखा तथा लेखापरीक्षा विनियम, 2007 तथा लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार सम्पादित की गयी।

<u>भाग-II 'अ'</u>

. . . .

. . . . शून्य..

STAN

प्रस्तरः01- गुप्त सेवा निधि के अन्तर्गत धनराशि रू 1.10 लाख का अभिलेख न रखा जाना तथा अवशेष राशि समर्पित न किया जाना।

कार्यालय के गुप्त सेवा निधि सम्बन्धी अभिलेखों की जांच में पाया गया है कि वर्ष 2015-16 में रू 60,000/- प्राप्त हुआ उसके सापेक्ष रू 50600 व्यय हुई है, तथा रू 9400 अवशेष है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2016-17 में रू 50,000 प्राप्त हुआ, उसके सापेक्ष रू 54100 व्यय हुआ तथा रू 5300 अवशेष रही। आगे जांच में यह भी पाया गया है। उपरोक्त व्यय की गई धनराशि का कोई अभिलेख नही पाये गये, न ही अवशेष धनराशि समर्पित की गयी थी।

इस सम्बन्ध में सम्प्रेक्षा द्वारा इंगित किये जाने पर इकाई ने उत्तर में उपरोक्त के सम्बन्ध में कोई उत्तर नही दिया है, न ही कोई अभिलेख ही प्रस्तुत किये है।

अतः गुप्त सेवा निधि के अन्तर्गत धनराशि रु 1.10 लाख का अभिलेख न रखा जाना, तथा अवशेष राशि शासन को समर्पित न किये जाने का प्रकरण विभाग के संज्ञान में लाया जाता है।

भाग-III

विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों का विवरण-

निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या	भाग-2 'अ' प्रस्तर संख्या	भाग-2 'ब' प्रस्तर संख्या	**STAN**
11/ 2015-16	शून्य	02	शून्य

विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्याः-

निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या	प्रस्तर संख्या लेखापरीक्षा प्रेक्षण	अनुपालन आख्या	लेखापरीक्षा दल की टिप्पणी	अभ्युक्ति
11/2015-16	02	पूर्व में भेजी गयी थी।	निस्तारित करने की संस्तुति की जाती है।	

भाग-IV
इकाई के सर्वोतम कार्यः-शून्य

भाग-V
आभार

1- कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून लेखापरीक्षा अवधि में अवस्थापना सम्बंधी सहयोग सहित मांगे अभिलेख एवं सूचनाएं उपलब्ध कराने हेतु पुलिस उप-महानिरीक्षक □□□□□ परिक्षेत्र, नैनीताल तथा उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है।

तथापि लेखापरीक्षा में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गयेः- शून्य

2- सतत् अनियमिततायेः- शून्य

3- लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा कार्यालयाध्यक्ष का कार्यभार वहन किया गया-

क्र.सं.	नाम	पदनाम	कार्यरत समय अवधि	
			कब से	कब मे
1	श्री पुष्कर सिंह सैलाल	पुलिस उप-महानिरीक्षक	01.02.2015	31.07.2016
2	श्री अजय रौतेला	पुलिस उप-महानिरीक्षक	31.07.2016	वर्तमान तक

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताएं जिनका समाधान लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं हो सका उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर एक प्रति कार्यालय, पुलिस उप-महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र, नैनीताल को इस आशय से प्रेषित कर दी जायेगी कि अनुपालन आख्या पत्र प्राप्ति के एक माह के अन्दर सीधे वरिष्ठ उपमहालेखाकार/सामान्य क्षेत्र को प्रेषित कर दी जाय।

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी
सामान्य क्षेत्र